प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक–एस0पी0एम0यू0/मा0स्वा0/मा0संसा0/105वॉ–4/2018–19/ 7298-75 दिनांक 08/10/09.2018

विषय– राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत प्रदेश में वर्ष 2018–19 में प्रथम सन्दर्भन इकाइयों के संचालन हेतु संविदा एम0बी0बी0एस0 महिला चिकित्सकों के मानदेय एवं सम्बन्धित दिशा–निर्देश।

महोदय/महोदया,

आप अवगत हैं कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की राज्य कार्ययोजना पर भारत सरकार से प्राप्त स्वीकृति के क्रम में प्रदेश में एफ0आर0यू0 पर संविदा महिला चिकित्साधिकारी कार्यरत है। मानदेय सम्बन्धित दिशा–निर्देश निम्नवत है–

वित्तीय वर्ष 2018–19 में भारत सरकार द्वारा एफ0आर0यू0 पर तैनाती हेतु 300 संविदा पद स्वीकृत किये गये हैं। संविदा एम0बी0बी0एस0 महिला चिकित्साधिकारी को रू0–45000.00 प्रति माह एवं रू0–15000.00 प्रति माह परफारमेन्स इन्सेटिव स्वीकृत किया गया है। रू0–15000.00 प्रति माह की दर से परफारमेन्स इन्सेटिव को निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया जाना है–

केटेगरी ए, बी, सी एफ0आर0यू0 पर तैनाती के अनुसार बेसिक मानदेय 45000.00, ए केटेगरी मानदेय–रू0 55000.00 (45000+10000), बी केटेगरी–रू0 60000.00 (45000+15000), एवं सी केटेगरी रू0 65000.00 (45000+20000) की दर से कुल बजट रू0–2160.00 लाख की स्वीकृति को निर्धारित किया गया है। **<u>यह मानदेय पूर्व से कार्यरत महिला चिकित्साधिकारियों पर भी नियमानुसार लागू होगा।</u>**

1. वित्तीय वर्ष 2018–19 में प्रदेश की चयनित 286 प्रथम सन्दर्भन इकाइयों के प्रसव भार के आधार पर संविदा एम0बी0बी0एस0 महिला चिकित्साधिकारियों के कुल 300 पद स्वीकृत किये गये हैं।
2. **संविदा एम0बी0बी0एस0 महिला चिकित्साधिकारियों की तैनाती जनपद के प्रथम सन्दर्भन इकाइयों पर ही की जायेगी। एम0बी0बी0एस0 महिला चिकित्साधिकारियों की तैनाती में वरीयता रिक्त क्रियाशील प्रथम सन्दर्भन इकाइयों को ही दी जायेगी।** यदि किसी जनपद में संविदा एम0बी0बी0एस0 महिला चिकित्साधिकारियों की तैनाती नॉन एफ0आर0यू0 इकाइयों पर है तो उनका अनुबन्ध समाप्त कर दें अथवा उन्हें तत्काल जनपद की एफ0आर0यू0 इकाई पर स्थानान्तरित कर दें।
3. ऐसे एफ0आर0यू0 चिकित्सालय, जहाँ औसतन 200 प्रसव प्रति माह से अधिक भार हो वहाँ संविदा एम0बी0बी0एस0 महिला चिकित्साधिकारी की तैनाती को प्राथमिकता दी जाये। जिला महिला चिकित्सालयों पर 24 घण्टे नियमित सेवा के EMO उपलब्ध न होने पर संविदा एम0बी0बी0एस0 महिला चिकित्साधिकारी को रोस्टर बनाकर EMO के रूप में पोस्ट किया जाये।
4. वित्तीय वर्ष 2018–19 में रिक्त पदों की नियुक्ति प्रक्रिया मानव संसाधन अनुभाग, एस0पी0एम0यू0, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ से निर्गत दिशा–निर्देशों के अनुसार की जायेगी।

<u>कार्य एवं उत्तरदायित्व–</u>

5. महिला चिकित्सक जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्रसव सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। चिकित्सालय में आउटडोर/ए0एन0सी0/एच0आर0पी0 क्लीनिक का संचालन, हाई रिस्क एवं गम्भीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं की लाइन लिस्टिंग व उपचार, जटिल प्रसवों का उपचार, स्टाफ नर्सों के प्रसव कार्यों की समीक्षा, एस0बी0ए0 मानकों पर प्रसव–कक्ष का पर्यवेक्षण, भर्ती मरीजों की देखभाल, सुरक्षित गर्भपात एवं परिवार कल्याण सेवाएं प्रदान करने के साथ–साथ "प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान" में सहयोग देना इनका दायित्व होगा। इन एम0बी0बी0एस0 महिला चिकित्सकों को उपर्युक्त क्षेत्रों में कुशलता वृद्धि प्रशिक्षण के लिए नामित भी किया जाना आवश्यक है।
6. ऑन कॉल विशेषज्ञ अथवा एस0बी0आर0टी0 द्वारा किये गये सीजेरियन ऑपरेशन के पश्चात पोस्ट ऑपरेटिव देखभाल में भी इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

7. पूर्व से कार्यरत सभी संविदा एम0बी0बी0एस0 महिला चिकित्सक के वर्ष 2017–18 में किये गये कार्यों के मूल्यांकन के पश्चात् ही पूर्व से कार्यरत एम0बी0बी0एस0 महिला चिकित्सक को चिन्हित एफ0आर0यू0 पर पुनर्अनुबन्ध हेतु वरीयता प्रदान की जाये।

<u>वित्तीय व्यवस्था–</u>

8. प्रथम सन्दर्भन इकाईयों (एफ0आर0यू0) केटेगरी व्यवस्था के अनुसार रू0–15000.00 प्रति माह परफारमेन्ट इन्सेटिव इस प्रकार वर्गीकृत किया जायेगा है। केटेगरी ए, बी, सी एफ0आर0यू0 के अनुसार (ए–रू0 10000.00, बी–रू0 15000.00 एवं सी–20000.00) हेतु धनराशि की दर से एफ0एम0आर0 संख्या–8.1.5. में धनराशि आवंटित करायी गयी है।
9. समस्त अभिलेखों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के स्तर पर संकलित किया जाये।
10. अपने जनपद में सभी स्वीकृत संविदा पदों पर कर्मियों की औचित्यपूर्ण तैनाती का पूर्ण उत्तरदायित्व जिला स्वास्थ्य समिति एवं मुख्य चिकित्साधिकारी का ही है।
11. संलग्न तालिका में जनपदवार स्वीकृत पदों से अधिक पदों पर भर्ती किसी भी स्थिति में नहीं की जाये। इसमें पूर्व के सभी स्वीकृत पद समाहित हैं।
12. आवंटित धनराशि का व्यय शासकीय एवं विभागीय नियम एवं शर्तों का पालन करते हुए किया जाय।
13. कोई भी भुगतान नगद न किया जाये वरन् आधार कार्ड लिंक्ड बैंक खाते एवं पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से ही किया जाये।
14. संलग्न जनपदवार फांट के अनुसार सभी संविदा कर्मियों का मानदेय इनके कार्यावधि के आधार पर ही दिया जायेगा।

**समस्त मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2018–19 में भारत सरकार से प्राप्त स्वीकृत पदों एवं राज्य स्तर से प्रेषित जनपदवार सूची से अधिक भर्ती न करें। अन्यथा किसी भी अप्रिय स्थिति अथवा मुकदमें या हर्जाने के लिये वे स्वयं उत्तरदायी होंगे।**

<u>अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं रिपोर्टिंग–</u>

15. जिला स्तर जिला स्वास्थ्य समिति सभी संविदा तैनातियों एवं पुर्नअनुबन्ध के लिये उत्तरदायी हैं।
16. किसी भी दशा में संविदा कर्मी प्रसव इकाईयों के बाहर तैनात न किये जायें।
17. मुख्य चिकित्सा अधिकारी उपर्युक्तानुसार सभी संविदा कर्मियों की नियुक्ति की कार्यवाही पूर्ण कर एन0एच0एम0, उ0प्र0 को प्रत्येक त्रैमास अवश्य ही उपलब्ध करा दें। इनकी स्थिति प्रत्येक त्रैमास प्रेषित की जाने वाली के0पी0आई0–2 डिलीवरी प्वाइंट की रिपोर्ट पर भी अद्यतन कर दें।
18. समस्त अभिलेखों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के स्तर पर संकलित किया जाये।
19. अपने जनपद में सभी स्वीकृत संविदा पदों पर कर्मियों की औचित्यपूर्ण तैनाती का पूर्ण उत्तरदायित्व जिला स्वास्थ्य समिति एवं मुख्य चिकित्साधिकारी का ही है।
20. संलग्न जनपदवार फांट के अनुसार सभी संविदा कर्मियों का मानदेय इनके कार्यावधि के आधार पर ही दिया जायेगा।

<u>संलग्नक–यथोक्त।</u>

भवदीय,

(पंकज कुमार)
मिशन निदेशक

पत्रसंख्या–एस0पी0एम0यू0 / मा0स्वा0 / मा0संसा0 / 105वॉ–4 / 2018–19 / 7298-75 (13) तददिनांक।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1 प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2 महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, स्वास्थ्य भवन, उ0प्र0, लखनऊ।
3 महानिदेशक, परिवार कल्याण, परिवार कल्याण महानिदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ
4 समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
5 समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
6 समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0।
7 समस्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका / अधीक्षक, जिला महिला चिकित्सालय / जिला संयुक्त चिकित्सालय, उ0प्र0।

8 समस्त महाप्रबन्धक / वित्त नियंत्रक–एन0एच0एम0, एस0पी0एम0यू0, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

9 महाप्रबन्धक एम0आई0एम, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0,उ0प्र0 को इस आशय प्रेषित कि दिशा–निर्देशों को एन0एच0एम0 की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

10 विधि परामर्शदाता एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0,उ0प्र0 को इस आशय प्रेषित कि इससे सम्बन्धित होने वाले वादों में संज्ञान लेने हेतु।

11 समस्त मण्डलीय परियोजना प्रबन्धक,एन0एच0एम0,उ0प्र0।

12 समस्त जिला कार्यक्रम प्रबन्धक–एन0एच0एम0, उत्तर प्रदेश।

13 गार्ड फाइल।

(डा0 स्वप्ना दास)
महाप्रबन्धक मातृ स्वा0

# DHAP Budget 2018-19 LMO FMR-8.1.5

| S.N | District | LMOs Details Old FMR B.30. | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Sanctioned Position | Total | Vacant | Budget In working LMO . @60000/- (12 months) | Budget of New LMO@60000 of 06 Months | Total budget required LMO |
| 1 | Agra | 6 | 4 | 2 | 28,80,000 | 7,20,000 | 36,00,000 |
| 2 | Aligarh | 6 | 1 | 5 | 7,20,000 | 18,00,000 | 25,20,000 |
| 3 | Allahabad | 9 | 6 | 3 | 43,20,000 | 10,80,000 | 54,00,000 |
| 4 | Ambedkar Nagar | 3 | 1 | 2 | 7,20,000 | 7,20,000 | 14,40,000 |
| 5 | Amethi | 2 | 0 | 2 | - | 7,20,000 | 7,20,000 |
| 6 | Amroha (JP Nagar) | 2 | 2 | 0 | 14,40,000 | - | 14,40,000 |
| 7 | Auraiya | 2 | 0 | 2 | - | 7,20,000 | 7,20,000 |
| 8 | Azamgarh | 5 | 1 | 4 | 7,20,000 | 14,40,000 | 21,60,000 |
| 9 | Baghpat | 3 | 0 | 3 | - | 10,80,000 | 10,80,000 |
| 10 | Bahraich | 5 | 3 | 2 | 21,60,000 | 7,20,000 | 28,80,000 |
| 11 | Ballia | 4 | 1 | 3 | 7,20,000 | 10,80,000 | 18,00,000 |
| 12 | Balrampur | 4 | 0 | 4 | - | 14,40,000 | 14,40,000 |
| 13 | Banda | 3 | 1 | 2 | 7,20,000 | 7,20,000 | 14,40,000 |
| 14 | Barabanki | 6 | 3 | 3 | 21,60,000 | 10,80,000 | 32,40,000 |
| 15 | Bareilly | 5 | 2 | 3 | 14,40,000 | 10,80,000 | 25,20,000 |
| 16 | Basti | 3 | 0 | 3 | - | 10,80,000 | 10,80,000 |
| 17 | Bijnor | 3 | 3 | 0 | 21,60,000 | - | 21,60,000 |
| 18 | Budaun | 4 | 2 | 2 | 14,40,000 | 7,20,000 | 21,60,000 |
| 19 | Bulandshahar | 6 | 0 | 6 | - | 21,60,000 | 21,60,000 |
| 20 | Chandauli | 1 | 1 | 0 | 7,20,000 | - | 7,20,000 |
| 21 | Chitrakoot | 4 | 0 | 4 | - | 14,40,000 | 14,40,000 |
| 22 | Deoria | 4 | 1 | 3 | 7,20,000 | 10,80,000 | 18,00,000 |
| 23 | Etah | 3 | 1 | 2 | 7,20,000 | 7,20,000 | 14,40,000 |
| 24 | Etawah | 4 | 0 | 4 | - | 14,40,000 | 14,40,000 |
| 25 | Faizabad | 4 | 0 | 4 | - | 14,40,000 | 14,40,000 |
| 26 | Farukkhabad | 4 | 2 | 2 | 14,40,000 | 7,20,000 | 21,60,000 |
| 27 | Fatehpur | 3 | 0 | 3 | - | 10,80,000 | 10,80,000 |
| 28 | Firozabad | 5 | 2 | 3 | 14,40,000 | 10,80,000 | 25,20,000 |
| 29 | Gautam Buddha Nagar | 3 | 0 | 3 | - | 10,80,000 | 10,80,000 |
| 30 | Ghaziabad | 4 | 1 | 3 | 7,20,000 | 10,80,000 | 18,00,000 |
| 31 | Ghazipur | 4 | 0 | 4 | - | 14,40,000 | 14,40,000 |
| 32 | Gonda | 4 | 0 | 4 | - | 14,40,000 | 14,40,000 |
| 33 | Gorakhpur | 6 | 4 | 2 | 28,80,000 | 7,20,000 | 36,00,000 |
| 34 | Hamirpur | 6 | 0 | 6 | - | 21,60,000 | 21,60,000 |
| 35 | Hapur | 4 | 1 | 3 | 7,20,000 | 10,80,000 | 18,00,000 |
| 36 | Hardoi | 6 | 1 | 5 | 7,20,000 | 18,00,000 | 25,20,000 |
| 37 | Hathras | 4 | 1 | 3 | 7,20,000 | 10,80,000 | 18,00,000 |
| 38 | Jalaun | 3 | 0 | 3 | - | 10,80,000 | 10,80,000 |
| 39 | Jaunpur | 4 | 0 | 4 | - | 14,40,000 | 14,40,000 |
| 40 | Jhansi | 2 | 2 | 0 | 14,40,000 | - | 14,40,000 |
| 41 | Kannauj | 1 | 0 | 1 | - | 3,60,000 | 3,60,000 |
| 42 | Kanpur Dehat | 4 | 1 | 3 | 7,20,000 | 10,80,000 | 18,00,000 |
| 43 | Kanpur Nagar | 10 | 6 | 4 | 43,20,000 | 14,40,000 | 57,60,000 |
| 44 | Kasganj | 4 | 2 | 2 | 14,40,000 | 7,20,000 | 21,60,000 |
| 45 | Kaushambi | 1 | 0 | 1 | - | 3,60,000 | 3,60,000 |
| 46 | Kushi Nagar | 5 | 3 | 2 | 21,60,000 | 7,20,000 | 28,80,000 |
| 47 | Lakhimpur Kheri | 3 | 0 | 3 | - | 10,80,000 | 10,80,000 |
| 48 | Lalitpur | 5 | 1 | 4 | 7,20,000 | 14,40,000 | 21,60,000 |
| 49 | Lucknow | 10 | 7 | 3 | 50,40,000 | 10,80,000 | 61,20,000 |

# DHAP Budget 2018-19 LMO FMR-8.1.5

| S.N | District | LMOs Details Old FMR B.30. | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Sanctioned Position | Total | Vacant | Budget In working LMO . @60000/- (12 months) | Budget of New LMO@60000 of 06 Months | Total budget required LMO |
| 50 | Maharajganj | 5 | 4 | 1 | 28,80,000 | 3,60,000 | 32,40,000 |
| 51 | Mahoba | 3 | 1 | 2 | 7,20,000 | 7,20,000 | 14,40,000 |
| 52 | Mainpuri | 4 | 0 | 4 | - | 14,40,000 | 14,40,000 |
| 53 | Mathura | 2 | 2 | 0 | 14,40,000 | - | 14,40,000 |
| 54 | MAU | 2 | 2 | 0 | 14,40,000 | - | 14,40,000 |
| 55 | Meerut | 4 | 3 | 1 | 21,60,000 | 3,60,000 | 25,20,000 |
| 56 | Mirzapur | 4 | 2 | 2 | 14,40,000 | 7,20,000 | 21,60,000 |
| 57 | Moradabad | 5 | 1 | 4 | 7,20,000 | 14,40,000 | 21,60,000 |
| 58 | Muzaffar Nagar | 3 | 1 | 2 | 7,20,000 | 7,20,000 | 14,40,000 |
| 59 | Pilibhit | 3 | 1 | 2 | 7,20,000 | 7,20,000 | 14,40,000 |
| 60 | Pratapgarh | 5 | 1 | 4 | 7,20,000 | 14,40,000 | 21,60,000 |
| 61 | Raebareli | 6 | 2 | 4 | 14,40,000 | 14,40,000 | 28,80,000 |
| 62 | Rampur | 5 | 3 | 2 | 21,60,000 | 7,20,000 | 28,80,000 |
| 63 | Saharanpur | 5 | 1 | 4 | 7,20,000 | 14,40,000 | 21,60,000 |
| 64 | Sambhal | 4 | 2 | 2 | 14,40,000 | 7,20,000 | 21,60,000 |
| 65 | Sant Kabir Nagar | 4 | 1 | 3 | 7,20,000 | 10,80,000 | 18,00,000 |
| 66 | Sant Ravidas Nagar | 1 | 1 | 0 | 7,20,000 | - | 7,20,000 |
| 67 | Shahjahanpur | 3 | 1 | 2 | 7,20,000 | 7,20,000 | 14,40,000 |
| 68 | Shamali | 1 | 0 | 1 | - | 3,60,000 | 3,60,000 |
| 69 | Shravasti | 5 | 2 | 3 | 14,40,000 | 10,80,000 | 25,20,000 |
| 70 | Siddharth Nagar | 3 | 0 | 3 | - | 10,80,000 | 10,80,000 |
| 71 | Sitapur | 5 | 1 | 4 | 7,20,000 | 14,40,000 | 21,60,000 |
| 72 | Sonbhadra | 3 | 0 | 3 | - | 10,80,000 | 10,80,000 |
| 73 | Sultanpur | 2 | 1 | 1 | 7,20,000 | 3,60,000 | 10,80,000 |
| 74 | Unnao | 5 | 2 | 3 | 14,40,000 | 10,80,000 | 25,20,000 |
| 75 | Varanasi | 2 | 2 | 0 | 14,40,000 | - | 14,40,000 |
| **Total** | | **300** | **104** | **196** | **7,48,80,000** | **7,05,60,000** | **14,54,40,000** |